हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 31 दिसंबर 2025

04 बड़े बकायादारों पर निगम सख्त, नोटिस के बाद कर...



07 कोहरे में घंटों देरी से पहुंच रही हैं ट्रेनें, यात्री परेशान





## खबर संक्षेप में

### शिवाजी चौराहे स्थित दुकान पर हुई चोरी,एक लाख नगदी ले उड़े

**नलखेड़ा।** नगर के मुख्य चौराहे शिवाजी चौराहे पर स्थित एक हार्डवेयर की एक दुकान पर सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात अज्ञात बदमाशों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। बदमाश दुकान के गल्ले में रखे एक लाख रुपए नगदी लेकर फरार हो गए। चोरी की यह घटना सीसी टीवी में भी कैद हुई है। पुलिस को दिए शिकायती आवेदन में हुसैन दरबार ने बताया कि शिवाजी चौराहे पर उनकी मुफद्दल ट्रेडर्स के नाम से हार्डवेयर की दुकान है। जहां सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात अज्ञात चोर दुकान के पीछे के गेट से घुसे एवं दुकान के गल्ले में रखे 90 हजार सिलक एवं धार्मिक कार्य के रखे 10 हजार कुल एक लाख रुपये चोरी कर फरार हो गए। चोरों द्वारा दुकान का सामान भी बिखेरा गया। चोरी की यह घटना सीसी टीवी में भी कैद हुई है जिसके अनुसार घटना रात्रि 1 बजे की है। नगर के प्रमुख चौराहे शिवाजी चौराहा पर जहां देर रात्रि तक चहल पहल रहती है जैसे स्थान पर चोरी की घटना को अंजाम देना बदमाशों के बुलंद हौंसले को दर्शा रही है।

### एमजी क्लब ने सीहोर रेड को 1-0 से हराया

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का पहला चरण चल रहा है और सोमवार को दो मैच खेले गए। इस मौके पर एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। गत दिनों चर्च मैदान पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी की स्मृति में आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता में सोमवार को पांचवें दिन पहला मैच सीहोर रेड विरोध एमजी क्लब के मध्य खेला गया जिसमें एमजी क्लब 1-0 से विजय रही एमजी क्लब की तरफ से अथर्व ने एक गोल किया।

### बजरंग दल ने निकाली शौर्ययात्रा, पुष्प वर्षा कर नगरवासियों ने किया स्वागत

# सनातन संस्कृति विश्व में सबसे पुरातन संस्कृति है : प्रजापति






हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मंगलवार को नगर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा प्रभावी शौर्य यात्रा पद संचलन निकाला गया। नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मंगलवार को विहिप बजरंग द्वारा नगर में शौर्य यात्रा पद संचलन निकाला गया। शिवाजी चौराहे से प्रारंभ हुई शौर्य यात्रा सरदार पटेल चौराहा, गणेश चौराहा, चौक बाजार, हनुमान मंडी, ठाकुर मोहल्ला, अशोक मार्ग, किला रोड, मुखर्जी मोहल्ला, काछी मोहल्ला, नयापुरा, गवलीपुरा, अंबेडकर चौराहा से रेन बसेरा परिसर पहुंची। पद संचलन में दो घोष दल व ध्वज वाहिनी के साथ बड़ी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता शामिल थे जो कतारबद्ध होकर चल रहे थे। शौर्य यात्रा का नगर में स्थान स्थान पर नगरवासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

**ऊंच नीच व जात पात को छोड़कर हिन्दू एक है पर कार्य कर रहा बजरंग दल:** शौर्य यात्रा के पूर्व स्थानीय शिवाजी चौराहे पर कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक किशन प्रजापति ने कहा कि ऊंच नीच जात पात छोड़कर हिन्दू एक है पर बजरंग दल कार्य



करता है। उन्होंने कहा कि भारत पर समय समय पर आक्रांताओं ने आक्रमण किए और हमारी संस्कृति को नष्ट करने का प्रयास किया आज भी ऐसे आक्रमण हो रहे हैं। सनातन संस्कृति विश्व में सबसे पुरातन संस्कृति है। कभी राम तो कभी मां भवानी तो कभी कृष्ण ने प्रकट होकर राक्षसों का नाश किया। वर्तमान में लव जिहाद में हमारी बहन बेटियों को उठाकर ले जाने का कार्य हो रहा है। समाज को तोड़ने के लिए लव जिहाद चला रहे हैं। इससे बचाने का कार्य बजरंग दल कर रहा है। हमारी बहन बेटियों को दुर्गा बनने की आवश्यकता है। उन्हें संस्कार देने की आवश्यकता है।

प्रजापति ने कहा कि पुरातन काल से शास्त्र और शस्त्र की शिक्षा हमारे संतो द्वारा दी जाती है। ईसाइयों ने हमारी संस्कृति नष्ट करने के लिए गुरुकुल बंद करवाकर अंग्रेजी स्कूल खुलवाए। कई आक्रांताओं ने तलवार की नोक पर धर्म परिवर्तन के प्रयास किए लेकिन हमारे महापुरुष कमजोर नहीं थे अपने सिर कटवा लिए लेकिन धर्म नही छोड़ा। उन्होंने कहा कि बजरंग दल द्वारा गौमाता को कटने नही देने का संकल्प लिया है। गांव गांव में बजरंगी गायों को बचाने का कार्य कर रहे है। अंत में प्रजापति ने सभी से अखंड भारत का संकल्प लेने का आह्वान किया। उद्बोधन के दौरान बजरंग दल के प्रांत विभाग जिला व प्रखंड के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक प्रजापति का किया स्वागत

बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक किशनलाल प्रजापति के नलखेड़ा आगमन पर कुंभकार समाज ने उनका स्वागत किया। स्थानीय कुम्भकार समाज ने मंच बनाकर प्रजापति का साफा बांध पुष्पहारों से स्वागत किया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष दुर्गाप्रसाद कुंभकार, समाज के वरिष्ठगण राधेश्याम कुंभकार, हरि नारायण कुंभकार एवं समाज के युवा गोविंद कुंभकार, कमल कुंभकार, दिलीप कुंभकार, बजरंग कुंभकार, संजय कुंभकार, गोपाल कुंभकार, शिवनारायण कुंभकार, देवेंद्र कुंभकार, कृष्णा कुंभकार सहित समाजजन उपस्थित थे।



### बीजेपी नेत्री इलाही बगलामुखी मंदिर पहुंचीं

# 'अब वक्त आ चुका है कि देश की सरकार बड़ा और कड़ा निर्णय ले'





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

बीजेपी नेत्री नाजिया इलाही सोमवार देर रात को नलखेड़ा पहुंचीं, जहां उन्होंने मां बगलामुखी मंदिर में दर्शन पूजन किया। इस दौरान उन्होंने करीब ढाई घंटे तक विशेष हवन अनुष्ठान भी किया। मंदिर दर्शन के बाद नाजिया इलाही ने मीडिया से चर्चा में बांग्लादेश और देश की राजनीति को लेकर तीखा बयान दिया। मंदिर आगमन पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, दिलीप खंडेलवाल व अन्य भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया।

पूजा के बाद मीडिया से बातचीत में नाजिया इलाही ने अंतरराष्ट्रीय मुद्दों और देश की राजनीति पर खुलकर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ चुका है कि देश की सरकार बड़ा और कड़ा निर्णय ले। बांग्लादेश को दो हिस्सों में बांटना चाहिए। एक हिस्सा हिंदुस्तान का भाई 'बंगलिस्तान' बने, जहां बांग्लादेश के हिंदुओं को उनका देश देकर सुरक्षित किया जाए। और जो बाकी बांग्लादेश है, उसे वहां के मुसलमानों के लिए रहने दिया जाए। वरना वहां भी वही हालात होंगे, जैसे पाकिस्तान में फिरके के नाम पर लोग कट मर रहे हैं। इसके साथ ही सरकार को ब्लोच को मदद देकर उसे अखंड भारत में जोड़ने की दिशा में भी काम करना चाहिए। वहीं कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के संघ की तारीफ वाले बयान पर भी नाजिया इलाही ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने हंसते हुए कहा कि देर आए दुरुस्त आए। अब वो ये नहीं कह रहे कि भगवा आतंक है, ये नहीं कह रहे कि अजमल कसाब हिंदू था, ये नहीं कह रहे कि सारे आतंकवादी हिंदू हैं। 2026 आते आते उनके दिमाग के पट्टे खुल रहे हैं और वो संघ को समझने लगे हैं। ये अच्छी बात है। मैं उन्हें नमन करूंगी।

# मंडीदीप से लौट रहे नर्मदापुरम के व्यापारी का दहोटा के जंगल में मिला शव, मौत का कारण अज्ञात

**सीहोर।** जिले के शाहगंज थाना क्षेत्र स्थित दहोटा घाट के जंगल में नर्मदापुरम के प्रतिष्ठित व्यापारी विवेक शर्मा उर्फ अविनाश शर्मा (39) का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। यह घटना केवल एक मौत नहीं, बल्कि एक ऐसा रहस्य बन गई है जिसने पूरे जिले की नींद उड़ा दी है। जंगल के सन्नाटे में पड़े इस शव ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

परिजनों के अनुसार विवेक शर्मा शुक्रवार को मंडीदीप से अपनी कार से नर्मदापुरम के लिए रवाना हुए थे, लेकिन देर रात तक घर नहीं पहुंचे। उनका मोबाइल अचानक बंद हो गया। परिजन लगातार संपर्क की कोशिश करते रहे, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। अंततः मंडीदीप थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई।सोमवार सुबह कुछ ग्रामीणों ने दहोटा घाट के घने जंगल में एक शव पड़ा देखा। सूचना मिलते ही शाहगंज पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी दिनेश सिंह चौहान ने शव की शिनाख्त कर पंचनामा तैयार कराया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बुधनी अस्पताल भेजा गया। घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंचे एसडीओपी रवि शर्मा ने कहा कि मामला अत्यंत संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। शव की स्थिति और घटनास्थल के हालात यह संकेत दे रहे हैं कि यह कोई सामान्य मौत नहीं है। पुलिस हत्या की आशंका को लेकर जांच कर रही है।



आसपास के सीसीटीवी कैमरों, मृतक की कॉल डिटेल्स और आवागमन के मार्गों की बारीकी से जांच की जा रही है।

इधर नर्मदापुरम में विवेक शर्मा की मौत की खबर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। व्यापारिक समाज में शोक और आक्रोश है। परिजन इसे पूर्व नियोजित हत्या बता रहे हैं और दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। फिलहाल सभी की निगाहें पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट पर टिकी हैं, जिससे मौत की असली वजह सामने आने की उम्मीद है। पुलिस ने जल्द खुलासे का दावा किया है।

# नए साल में ई-टोकन व्यवस्था से होगा खाद वितरण, कलेक्टर ने तैयारी पूरी करने को कहा, फार्मर रजिस्ट्री करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि एक जनवरी से किसानों को खाद वितरण के लिए लागू होने वाली ई-टोकन व्यवस्था की सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाएं। उन्होंने यह बात जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक के दौरान कही। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को ई-टोकन प्रक्रिया के सुचारू क्रियान्वयन के लिए पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जोर दिया कि इस व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य रूप से की जाए, ताकि पात्र किसानों को समय पर और पारदर्शी तरीके से खाद मिल सके। बैठक में कलेक्टर ने समय-सीमा वाले पत्रों के निराकरण पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं, उनके कल्याण और विकास कार्यों से जुड़े इन पत्रों का गंभीरता और प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सी ए म हेल्पलाइन में लंबित मामलों की समीक्षा की और संतुष्टिपूर्ण निराकरण के निर्देश दिए।



इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा, स्वाति मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर जमील खान सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की विभिन्न समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

कलेक्टर प्रीति यादव द्वारा मंगलवार को जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई करते हुए नागरिकों की समस्या सुनी गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम मिलिन्द ढ़ोके, डिप्टी कलेक्टर किरण बरबड़े, प्रेम नारायण परमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



जनसुनवाई में ग्राम गुर्जर खेड़ी निवासी संपतबाई ने भूमि पर से अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए आवेदन दिया। आवेदिका ने बताया कि ग्राम गुर्जर खेड़ी स्थित स्वामित्व की कृषि भूमि पर अनावेदक द्वारा अवैध कब्जा कर रखा है। जमीन से कब्जा छोड़ने के लिए बार-बार अनुरोध के बावजूद भी अनावेदक द्वारा कब्जा नहीं दिया जा रहा है। कलेक्टर ने तहसीलदार नलखेड़ा को आवेदन में जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। आवेदक अर्पित जैन निवासी मोयाखेड़ा ने भूमि डूब में जाने पर मुआवजा प्रदान करवाने हेतु आवेदन दिया। आवेदक ने बताया कि ग्राम पनाला स्थित उसकी भूमि डेम डूब क्षेत्र में गई हैं। डूब क्षेत्र में गई भूमि का मुआवजा अप्राप्त है। कलेक्टर ने एसडीओ सुसनेर को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। आवेदक बालचंद्र निवासी लोहारिया ने क्रय भूमि पत्र में नाम संशोधन करवाने, असगर अली (सहायक ग्रेड-03) ने जीपीएफ, ग्रेच्युटी, समर्पित अवकाश, बीमा राशि का भुगतान करवाने सहित अन्य रास्ता विवाद, दिव्यांग पेंशन वृद्धावस्था पेंशन दिलवाने आदि समस्याओं का लेकर आवेदकों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किये गए। कलेक्टर ने मौके पर निराकरण योग्य आवेदनों का अधिकारियों से निराकरण करवाया और निराकरण से शेष आवेदन संबंधित विभाग को समय सीमा में निराकरण के लिए निर्देशित किया।

### एसपी कार्यालय में जनसुनवाई का किया गया आयोजन

# समस्याओं व शिकायतों को सुना, समाधान के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, आगर मालवा स्थित सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान एसपी विनोद कुमार सिंह ने नागरिकों की विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों को सुना तथा उनके समाधान के दिशा-निर्देश प्रदान किए। जनसुनवाई में उपस्थित नागरिकों ने पारिवारिक विवाद, शांति व्यवस्था, स्थानीय विवाद, पुलिस कार्यवाही से संबंधित विषयों सहित अन्य सामाजिक समस्याओं से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किए।

एसपी ने प्रत्येक प्रकरण को संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए संबंधित थाना प्रभारियों एवं अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कुछ मामलों का निराकरण मौके पर ही किया गया, जिससे शिकायतकर्ताओं ने संतोष व्यक्त किया। इस जनसुनवाई कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र कुमार बोयट,







अनुविभागीय पुलिस अधिकारी आगर मोतीलाल कुशवाहा, कोतवाली थाना प्रभारी शशि उपाध्याय, सूबेदार स्टेनो मुख्तियार खान, सहायक उप निरीक्षक संतोष खजुरिया सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों द्वारा समन्वय के साथ शिकायतों के निराकरण की प्रक्रिया को गंभीरता से संपादित किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनसुनवाई आमजन और पुलिस के बीच संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है, जिससे न केवल समस्याओं का समयबद्ध समाधान संभव होता है बल्कि पुलिस के प्रति आम नागरिकों का विश्वास भी सुदृढ़ होता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की जनसुनवाई आगे भी नियमित रूप से आयोजित की जाती रहेगी, ताकि नागरिकों को त्वरित एवं न्यायसंगत राहत प्रदान की जा सके।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री दौड़ चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों का चयन



**देवास।** 60 वी अंतर जिला राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में देवास की अंजलि पाटीदार ने 6 किलोमीटर दौड़ में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। देवास जिला एथलेटिक एसोसिएशन के अध्यक्ष मदनलाल कहार, सचिव अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि रतलाम कॉरपोरेशन एथलेटिक एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रॉस कंट्री दौड़ चैंपियनशिप आयोजित की गई। जिसमें देवास जिला एथलेटिक एसोसिएशन की खिलाड़ी अंजलि पाटीदार ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। राजू यादव ने 10 किलोमीटर में चौथा स्थान प्राप्त किया एवं तनु गुवाहाटी ने 10 किलोमीटर में चौथा स्थान प्राप्त किया, मुस्कान राजपूत ने 4 किलोमीटर में छठा स्थान प्राप्त किया। इसमें तीन खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री दौड चैंपियनशिप के लिए हुआ जो कि झारखंड में आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में अंजलि पाटीदार, राजू यादव, तनु गुवाहाटीया मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयनित खिलाड़ियों का सम्मान जिला खेल युवा कल्याण अधिकारी सेना गाडरिया ने किया। इनकी उपलब्धि पर राजू श्रीवास्तव, जितेंद्र गोस्वामी, धर्मेंद्र भदोरिया, पवन यादव, रागिनी चौहान, जावेद पठान, यशवंत डागोरा, राजेश बोराना ने बधाई दी।

### प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में बैठक 31 दिसम्बर को

**देवास।** उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक 31 दिसंबर को दोपहर 12 बजे कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित होगी। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा जिले में किये गये विकास कार्यो एवं आगामी समय में किये जाने वाले कार्यो की समीक्षा की जाएगी। अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी ने सभी जिला अधिकारियों को बैठक में अपने-अपने विभाग की जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने को कहा है।

### 45 वार्डों में लगभग 20 बड़े बकायदारों पर निगम की कार्रवाई की तैयारी

# बड़े बकायदारों पर निगम सख्त, नोटिस के बाद कर जमा नहीं करने पर होगी कुर्की

निगम राजस्व अमले ने की संपत्तिकर बकाया होने पर आर.के. होटल पर कुर्की की कार्यवाही।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नगर निगम की आय के प्रमुख स्त्रोत संपत्तिकर व जलकर की बकाया राशि करदाताओं से सख्ती से जमा कराये जाने के निर्देश आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा निगम राजस्व विभाग के अमले को दिए गए है। राजस्व विभाग द्वारा मंगलवार को वार्ड 7 ईटावा उज्जैन रोड पर स्थित आर.के. होटल पर 4 लाख 87 हजार 826 संपत्ति कर की राशि बकाया होने पर निगम राजस्व अधिकारी अनुभूति श्रीवास्तव के द्वारा निगम उपायुक्त वित्त (राजस्व) दीपक पटेल के साथ निगम अमले के द्वारा कुर्की की कार्यवाही कर तालाबंदी की गई। इस कार्यवाही मे राजस्व उपनिरीक्षक मनोरमा बर्मन, रवि पटेल, जितेन्द्र शर्मा व निगम की टीम उपस्थित रही।

इसी कड़ी मे अन्य वार्डो मे वार्ड 17 बावडीया मे हाजी आदम हाजी कासम पर संपत्ति कर की 73 हजार 1 सौ की राशि बकाया होने पर कुर्की की कार्यवाही की गई। इसी प्रकार वार्ड 35 भोपाल रोड पर रूकमाचंद खिची पर संपत्तिकर की राशि 32 हजार बकाया होने पर कुर्की की कार्यवाही के दौरान संपत्ति कर दाता के द्वारा निगम अमले को राशि जमा कराई गई। वार्ड 41 खारी बावडी मुक्ति मार्ग पर सत्तार एहमद के द्वारा 48 हजार 3 सौ 10 की संपत्तिकर की बकाया राशि कुर्की की कार्यवाही के दौरान जमा कराई गई। इसी कडी मे वार्ड 27 उज्जैन रोड ब्रिज के निचे सादिक रजाक के द्वारा 25 हजार की बकाया संपत्ति कर की राशि जमा कराई गई। कार्यवाही निगम राजस्व उपनिरीक्षक संजय सांगते के द्वारा सहायक राजस्व निरीक्षक स्वाधिन खरे, वार्ड प्रभारी इरफान खान सहायक रवि पथरोड व वसीम शेख के साथ की गई।



### बड़े बकायदारों पर की जाएगी कुर्की की कार्रवाईः श्रीवास्तव



राजस्व अधिकारी अनुभूति श्रीवास्तव ने बताया कि आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार मंगलवार को आर के होटल पर कार्रवाई की गई है। आरके होटल का संपत्ति कर बकाया था लोक अदालत में भी उन्होंने जमा नहीं किया था। पिछले कई वर्षों का संपत्तिकर बकाया था। उनके तीन अकाउंट हैं, उसमें लगभग 4.5 लाख रूपये से ज्यादा की बकाया राशि थी, जिसे जमा करने के लिए उन्हें कई बार सूचना पत्र जारी किए गए है, कार्रवाई पूर्व अंतिम सूचना पत्र भी जारी किया गया था जिसे उनके द्वारा गंभीरता से नहीं लिया गया, जिसके उपरांत मंगलवार को कुर्की की कार्रवाई की गई है और होटल को सील कर दिया गया है। आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश पर बड़े बकायदारों को नोटिस जारी कर दिए गए है , संपत्ति कर जमा नहीं करने पर कुर्की की बड़े बकायदारों पर भी की जाएगी। 45 वार्डो में 10 से 20 बड़े बकायादार है, जिन पर कार्रवाई की जाएगी।

### चिमनाबाई स्कूल में वार्षिकोत्सव संपन्न

**देवास।** नगर के प्राचीन व प्रतिष्ठित कन्या विद्यालय महारानी चिमनाबाई में 28 से 30 दिसम्बर में वार्षिकोत्सव संपन्न हुआ । इसके अंतिम दिन छात्राओं ने शानदार नृत्य प्रस्तुति दी। जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य राजू सातपुते ने बताया कि इस वर्ष नृत्य के लिए तय की गई थीम के अनुसार अलग अलग कक्षाओं ने विभिन्न राज्यों के फोक डांस उस राज्य की वेशभूषा में प्रस्तुत किये। बड़ी संख्या में उपस्थित छात्राओं ने बड़े ही उत्साह से इस सांस्कृतिक उत्सव में भागीदारी की। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी हरिसिंह भारतीय ने सरस्वती पूजन कर की। इस अवसर विद्यालय की पूर्व प्राचार्य रुचि मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित थी । सभी कक्षा अध्यापकों ने बहुत ही मेहनत से इस कार्यक्रम हेतु तैयारी करवाई । समस्त स्टाफ ने बढ़चढ़ कर इस कार्यक्रम में हिस्सेदारी की। कार्यक्रम का संचालन नीलम पटेरिया ने किया । आभार बाबूलाल भाटी ने किया ।




# थाना बरोठा पुलिस ने पांच घंटे में किया हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार

### आपसी रंजिश के चलते की हत्या




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सोमवार को फरियादी निलेश पटेल पिता मांगीलाल पटेल उम्र 37 वर्ष निवासी कैलोद थाना बरोठा जिला देवास ने थाना बरोठा पर सूचना दी कि ग्राम कैलोद के डाबरी चौराहे पर उसके पिता मांगीलाल S/o छोगालाल उम्र 55 वर्ष के साथ गांव के ही रहने वाले राजवीर पिता राजेश एवं राजेश पिता सालागराम पटेल द्वारा पुरानी रंजिश के चलते लकड़ी के डंडों से मारपीट की गई। मारपीट के कारण मृतक के हाथ-पैर एवं शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटें आईं, जिन्हें अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। रिपोर्ट पर से थाना बरोठा में अपराध क्रमांक 525/2025 धारा 103(1),3(5) BNS का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। उक्त घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस डीएसपी (एल-आर) संजय शर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी बरोठा निरीक्षक सविता सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई । पुलिस टीम द्वारा विश्वसनीय मुखबिर सूचना पर आरोपी राजेश पटेल के खेत में पुरानी गिट्टी खदान के पीछे बनी टापरी से दोनों आरोपियों राजेश पटेल एवं राजवीर पटेल को गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

की गई उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी बरोठा निरीक्षक सविता सिंह जाटव, उनि मलखान सिंह भाटी, कविता माले, मयंक वर्मा, सउनि ईश्वर मंडलोई, गौरीशंकर, प्रआर तेजसिंह, सचिन पाल, टीना पटेल, आरक्षक विजेन्द्र, अजय पाल, पीयूष पटेल, आदर्श, भरत चरपोटा, आशीष, सैनिक शेखर चौधरी एवं प्रधान आरक्षक सचिन चौहान (सायबर सेल) की सराहनीय भूमिका रही।

### जिले के सभी 63 मंडलों एवं 46 बस्तियों में होंगे विशाल हिन्दू सम्मेलन आयोजित

**देवास।** मध्य प्रदेश में हिन्दू समाज की एकजुटता, सनातन संस्कृति के संरक्षण तथा राष्ट्र सुरक्षा में समाज की भूमिका को मजबूत करने के उद्देश्य से देवास जिले में व्यापक स्तर पर हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने पर समाज द्वारा आयोजित किए जा रहे हैं।सम्मेलन जिले के सभी 63 मंडलों तथा 46 बस्तियों में आयोजित किए जाएंगे। इन सम्मेलनों में सम्पूर्ण हिन्दू समाज की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस हेतु प्रत्येक हिंदू परिवार में सम्मेलन में सहभागी होने के लिए आमंत्रण दिए जा रहे हैं। सम्मेलन जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न मंडलों एवं नगरीय केंद्रों की बस्तियों में जनवरी माह में आयोजित किए जाएंगे, जिसमें स्थानीय स्तर पर प्रमुख संत, मातृशशक्तियां, समाजसेवी एवं बुद्धिजीवी वक्ता के रूप में भाग लेंगे। इन सम्मेलनों में कलश यात्रा, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, भजन जैसे धार्मिक एवं संस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर सहभोज भी आयोजित किया जाएगा।

# वन परिक्षेत्र अंतर्गत हुआ दो दिवसीय अनुभुति कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा




वन विभाग द्वारा प्रतिवर्ष स्कूली बच्चों को पर्यावरण से जोड़ने हेतू अनुभूति कैंप का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में वन परिक्षेत्र बागली के जंगल में दो दिवसीय अनुभूति कैंप का आयोजन किया गया। मुख्य वन संरक्षक वन वृत उज्जैन एम.आर. बघेल के निर्देशन में वन परिक्षेत्र बागली की बीट बागली कक्ष क्रमांक 824 में स्थित नगर वन कैलाशनगर पर अनुभूति कैम्प का आयोजन किया गया रेंजर गजानंद बिरला ने बताया कि अनुभूति कैंप अंतर्गत शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल सेवन्याखुर्द के 130 छात्र छात्राओं ने अनुभूति कैम्प में भाग लिया। छात्र-छात्राओं को सर्वप्रथम अनुभूति कैम्प के बारे में बताया गया। कैंप में जंगल में क्या करें एवं क्या न करें की जनाकरी दी गई। उसके पश्चात नेचर ट्रेल पर घुमाया गया जहाँ पर पक्षियों के दर्शन करवाएं गए। वृक्षों का महत्व, वन्यप्राणी, जलीय जीव, तितलियों के जीवन चक्र के बारे में बताया गया। इस दौरान क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय को पुरस्कार दिया गया। उक्त आयोजन में मुख्य रूप से उप वन मंडल अधिकारी अंकित जामोद,सरपंच प्रतिनिधि रामप्रसाद जाटव, समिति अध्यक्ष रामनिवास राठौर उपस्थित रहे। इस दौरान डिप्टी रेंजर नरेंद्र ठाकुर, नंदराम वर्मा, उपवन क्षेत्रपाल दिनेश मोदी, राकेश सिसोदिया डिप्टी रेंजर नेमीचंद कारपेंटर समिति सदस्य ,सुरक्षा श्रमिक उपस्थित रहे।

# वार्ड क्रमांक 5 के मुख्य मार्ग पर भारी वाहनों से लगातार बढ़ा खतरा, प्रतिबंध लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नगर पालिक निगम देवास के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 5 कालूखेडी क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर भारी वाहनों के आवागमन से स्थानीय लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। इस संबंध में बड़ी संख्या में वार्ड वासियों के साथ वार्ड पार्षद प्रभारी संजय दायमा ने कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को हुई जनसुनवाई में आवेदन देकर भारी वाहनों के परिवहन पर रोक लगाने की मांग की है। आवेदन में दायमा ने बताया कि प्रताप नगर एवं महाकाल कॉलोनी क्षेत्र में स्थित कंपनियों के बड़े-बड़े वाहन सुबह से रात तक लगातार मुख्य मार्ग से गुजर रहे हैं। इससे न केवल यातायात बाधित हो रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। स्थानीय रहवासियों को आए दिन जाम, शोर और असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है। आवेदन में यह भी बताया गया है कि देवास प्रशासन के यातायात नियमों के अनुसार नगर सीमा में सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित है, इसके बावजूद नियमों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। आवेदक ने प्रशासन से मांग की है कि नियम विरुद्ध चल रहे भारी वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए और उनके आवागमन पर रोक लगाई जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके और भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से बचाव हो सके। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय रहवासी उपस्थित थे।

### जोशी के बलिदान दिवस पर धर्मपथ संस्था ने आयोजित किया भव्य कार्यक्रम

# धर्मांतरण रोकने के लिए नारे नहीं, कानून जरूरीः डॉ. उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




वर्तमान में देवास सहित पूरे देश में धर्मांतरण फायदे का धंधा बन चुका है। किसी भी अन्य व्यवसाय की तुलना में इसमें अधिक मुनाफा हो रहा है। धर्मांतरण को रोकने के लिए केवल हिंदू जागो जैसे नारे लगाने से काम नहीं चलेगा, बल्कि इसके लिए सख्त कानून बनाना अनिवार्य है। इसके लिए आम नागरिकों को अपने सांसद और विधायक से हर माह कम से कम एक बार सवाल पूछना चाहिए कि उन्होंने संसद या विधानसभा में धर्मांतरण के खिलाफ क्या कदम उठाए हैं। सांसद-विधायक संविधान में लॉ मेकर कहलाते हैं, इसलिए सदन में आवाज उठाना उनकी जिम्मेदारी है। यह विचार प्रख्यात वक्ता एवं सामाजिक चिंतक डॉ. अश्विनी उपाध्याय ने संस्था धर्मपथ द्वारा स्व. सुनील जोशी के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए।गोकुल गार्डन में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं स्व. सुनील जोशी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ की गई। कार्यक्रम में श्री श्री 108 कृष्ण गोपालदास महाराज पंचमुखी धाम, आगरोद, अच्युतानंद महाराज, संस्था धर्मपथ अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक वासुदेव परमार, रामचरण पटेल सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

### धर्मांतरण, लव जिहाद बड़ा खतरा

डॉ. अश्विनी उपाध्याय ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सभी हिंदू हैं। आज यदि हमारी पहचान जैन, अग्रवाल, राजपूत या मराठा के रूप में है, तो इसके पीछे हमारे पूर्वजों का बलिदान है। उन्होंने स्व. सुनील जोशी को नमन करते हुए प्रश्न किया कि क्या उनके बलिदान का सपना आज साकार हुआ है? क्या गुरु गोविंद सिंह जी और चार साहिबजादों का बलिदान व्यर्थ जाएगा? इन सभी महापुरुषों ने धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर किए। उन्होंने कहा कि जिन्ना ने देश के दो टुकड़े कर दिए। उस समय भी अनेक नेता थे, लेकिन विभाजन रोका नहीं जा सका। आज स्थिति और गंभीर है, पहले एक जिन्ना था, अब हर जिले में दो-तीन जिन्ना पैदा हो गए हैं। बांग्लादेश का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वहां हिंदू एक तो हैं, लेकिन घट गए हैं, इसलिए अत्याचार झेल रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि अब केवल एक होना पर्याप्त नहीं, बल्कि संख्या में बढना भी जरूरी है। डॉ. उपाध्याय ने सनसनीखेज आरोप लगाते हुए कहा कि एक समुदाय के पास धर्मांतरण के लिए करीब 50 हजार करोड़ रुपये का फंड है, जबकि धर्मांतरण रोकने के लिए हमारे पास कोई संगठित फंड नहीं है। देश में प्रतिदिन हजारों धर्मांतरण हो रहे हैं, प्रतिदिन लगभग 5 हजार घुसपैठिए भारत में प्रवेश कर रहे हैं और देश में एक हजार बेटियां लव जिहाद की शिकार हो रही हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग भगवान से नहीं डरते, वे कानून से डरते हैं।

यदि कानून सख्त हो, तो अपराध अपने आप रुकेंगे। धर्मांतरण कराने वाले गिरोहों की नागरिकता समाप्त कर उन्हें कठोरतम सजा दी जाए, तो एक वर्ष के भीतर ही इस समस्या पर विराम लग सकता है। कार्यक्रम का संचालन अमित जोशी ने किया तथा आभार रामचरण पटेल ने व्यक्त किया। आयोजन को सफल बनाने में संस्था धर्मपथ के कोषाध्यक्ष राहुल हरोडे, विनीत गुप्ता, विशाल शुक्ला, राहुल माली, धीरज सोलंकी, संदीप राठौर, विजय चौहान, भगवंती हरोडे, मनोज दवे, दुर्गेश व्यास, नारायण जी चावड़ा, सचिन रघुवंशी, अमित जोशी, विजय नागर सहित अनेक कार्यकर्ताओं का सराहनीय योगदान रहा। यह जानकारी रोहित चौहान द्वारा दी गई।

# अज्ञात कारणों के चलते दुकान में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



समीप ग्राम मोखाप्पिल्या में मुख्य मार्ग पर स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में सोमवार मंगलवार रात्रि दरमियान आग लग गई, जिसके कारण दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया जिसमें लगभग 10 लख रुपए का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। दुकान संचालक राजाराम जाट ने बताया कि गांव के मुख्य मार्ग पर किराना एवं इलेक्ट्रॉनिक की दुकान का संचालन करते हैं। प्रतिदिन अनुसार रात्रि 9 बजे दुकान बंद करके अपने घर पहुंचे। रात्रि लगभग 3:30 बजे परिचित व्यक्ति का फोन आया की दुकान में से धुंआ निकल रहा है और आग लग गई है। राजाराम अपने भाई व अन्य सदस्यों के साथ मौके पर पहुंचे। जब तक देखा तो पूरी दुकान जलकर खाक हो गई थी। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। जाट ने बताया कि आगजनी में लैपटॉप, फोटोकॉपी मशीन, फ्रिज सहित सभी सामान जलकर खाक हो गया, जिसमें लगभग 10 लख रुपए का नुकसान हुआ है।

जाट ने बताया कि रात्रि 3:30 बजे उन्हें सूचना मिली जब तक अंदर से दुकान जलकर खाक हो गई थी। आग किन कारणों से लगी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस संबंध में संबंधित पुलिस थाना कमलापुर पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## खबर संक्षेप



### मजदूरी करके लौटे युवक से मारपीट

**ललितपुर।** पुराना मवेशी बाजार निवासी अंतिम पुत्र नाथूराम रैकवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 25 दिसम्बर की रात करीब 8.30 बजे वह मजदूरी कर घर लौट रहा था। तभी मोहल्ले के नीतेश सिंह यादव पुत्र कल्लू यादव शराब के नशे में आया और उधार रुपयों की मांग करने लगा। मना करने पर नीतेश सिंह ने गालियां देते हुये लात-घूसों से मारपीट करने लगा, जिससे वह घायल हो गया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### खेत में पानी लगा रहे युवक को पीटा

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम जरावली निवासी प्रमोद पुत्र रगवर राजपूत ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते रविवार को वह अपने खेत में साइफन द्वारा पानी लगा रहा था। तभी गांव के नरेश पुत्र ध्यानी राजपूत, उनके चाचा का पुत्र सूरज उर्फ चुनमुन पुत्र ऊदल राजपूत ने उसका साइफन खींच दिया, जब वह साइफन लगाने गया तो उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मारपीट कर धमकाने का आरोप, केस दर्ज

**ललितपुर।** खेत पर जा रहे थाना मडावरा के ग्राम पिपरट निवासी रामकिंकन पुत्र गुलझार सिंह लोधी का आरोप है कि शाम करीब 7.30 बजे रास्ते में गांव के छोटू पुत्र धोकल लोधी, धोकल पुत्र भगुन सिंह व महेन्द्र पुत्र सोन सिंह ने उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### हदबंदीशुदा जमीन पर कब्जा करने का प्रयास

**ललितपुर।** कायस्थपुरा महरौनी में रहने वाले अधिवक्ता कुलदीप खरे पुत्र पन्नालाल ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि वह अपनी भूमिधरि आराजी नं. 238, 239 जो कि कायस्थपुरा में स्थित है की नाप प्रारम्भिक हदबंदी के बाद 19 दिसम्बर को सुबह करीब 8 बजे पड़ौस के जग्गू, सुरेन्द्र व दीपक पुत्रगण भगवानदास व उनकी मां राजबाई उक्त हदबंदीशुदा जमीन पर कब्जा करने का प्रयास करने लगे। जब उन्होंने अन्य लोगों के साथ उन्हें रोका तो उक्त लोगों ने गालियां दीं और मना करने पर उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी देते हुये ट्रक के नीचे कुचल देने की धमकी दी। आरोप है कि उक्त लोग आपराधिक प्रवृत्ति के लोग हैं और उनके विरूद्ध कई आपराधिक मुकद्दमें चल रहे हैं। पुलिस ने अधिवक्ता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## जनपदवासियों को दिलाया भरोसा, बिना बाधा के तेजी से घूमेगा विकास का रथ

# संवेदनशील नेतृत्व से ललितपुर विकास को दिशा देते जिलाधिकारी सत्य प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बुन्देलखण्ड का एक एतिहासिक, किन्तु विकास की दौड़ में लम्बे समय तक पिछड़ा रहा जनपद ललितपुर, सीमित संसाधन, कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और वर्षों से चली आ रही व्यवस्थागत चुनौतियां, शिक्षा, स्वास्थ्य और यातायात जैसी समस्याओं से जूझता रहा है, इन सब के बीच 28 अक्टूबर 2025 को जब नवागंतुक जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने जनपद का कार्यभार ग्रहण किया, तब आमजन के मन में एक नई उम्मीद ने जन्म लिया। वर्ष 2025 के समापन की ओर बढ़ते हुए भले ही उनका कार्यकाल अभी केवल दो माह का ही रहा हो, किन्तु इस अल्प अवधि में उनके निर्णयों, संवेदनशीलता और सक्रियता ने जनपद में सकारात्मक परिवर्तन एवं शहरी व ग्रामीण विकास की मजबूत नीव रख दी है। इससे यह सिद्ध होता है कि यदि प्रशासन संवेदनशील, प्रतिबद्ध और नवाचारशील हो तो परिवर्तन की शुरुआत सम्भव है।

### शिक्षा, स्वास्थ्य व कानून व्यवस्था को सुधारने पर विशेष फोकस

जनपद के भविष्य को मजबूत बनाने के लिए जिलाधिकारी ने शिक्षा व्यवस्था व कानून को प्राथमिकता में रखा, उन्होंने विद्यालयों का निरीक्षण कर शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए अभिनव प्रयासों को बढ़ावा दिया, इसी दौरान यह तथ्य सामने आया कि शासन स्तर पर छात्रवृत्ति पोर्टल की समयसीमा समाप्त होने के कारण जनपद के 8 हजार से अधिक विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित हो रहे हैं, इस गंभीर स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी ने सभी माध्यमिक विद्यालयों एवं डिग्री कॉलेजों के प्रचार्यों के साथ बैठक कर सख्त रुख अपनाया। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर छात्रवृत्ति आवेदनों का अग्रसारण नहीं किया गया तो सम्बंधित कॉलेज के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। साथ ही उन्होंने शासन से पत्राचार कर छात्रवृत्ति पोर्टल पुनः खुलवाया जिससे हजारों विद्यार्थियों को समय पर छात्रवृत्ति का लाभ मिल सकेगा, जो ललितपुर जैसे आर्थिक व शैक्षिक रुप से कमजोर जनपद के विद्यार्थियों के लिए बहुत महत्व रखता है।

### स्वास्थ्य सेवाओं को मिली नई मजबूती

स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने जिला अस्पताल एवं



स्वास्थ्य केन्द्रों का कई बार निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ कराया। जिला अस्पताल में संचालित मेडिकल कॉलेज को नवीन भवन अमरपुर स्थानान्तरित करा कर विधिवत क्रियाशील कराया गया, जिससे मरीजों और मेडिकल छात्रों, दोनों को बेहतर सुविधाएं मिलने लगीं। मेडिकल स्टाफ और आवश्यक उपकरणों की कमी को दूर करने के लिए शासन से पत्राचार कर स्टाफ की संख्या में वृद्धि सुनिश्चित करायी गई, इसके साथ ही आयुष्मान भारत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ग्रामवार सूची मंगवाकर ग्राम पंचायत अधिकारियों के माध्यम से पात्र लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनवाने का अभिनव प्रयास प्रारंभ कराया गया, ताकि कोई भी जरुरतमंद स्वास्थ्य सुरक्षा से वंचित न रहे।

### विद्युत बिल के उपभोक्ताओं को एक मुश्त समाधान योजना से राहत

जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने शासन की एकमुश्त समाधान योजना ह्यह्यओटीएस को जनपद में व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ प्रभावी रुप से लागू कराया, इस योजना के अंतर्गत 3929 उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की गई है, वहीं 1.80 करोड़ रुपए की धनराशि सरकार के खजाने में जमा करायी गई है। यह उपलब्धी प्रशासनिक दक्षता के साथ-साथ राजस्व वृद्धि का भी महत्वपूर्ण उदाहरण बनी।

### ग्रामीण विकास को मिली नई दिशा

ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को गति देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने नवाचारपूर्ण पहल करते हुए जनपद के प्रत्येक ग्राम पंचायत में राज्य वित्त एवं 15वां वित्त की धनराशि से कम से कम पांच-पांच बड़े विकास

- चौमुखी विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर होगा ललितपुर
- नये साल में मिलेगा शहरवासियों को शहर की लाइफ लाइन कही जानी वाली मुख्य सड़क का चौढ़ीकरण व सौन्दर्यीकरण का उपहार
- डीएम ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से शहर के विकास हेतु आर्मी की जमीन को खरीदने के लिए आवास विकास बोर्ड से प्रस्ताव कराया पारित

कार्य कराने की ठोस रुपरेखा तैयार करने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिये, इससे ग्राम स्तर पर योजनाबद्ध और टिकाऊ विकास को बढ़ावा मिलेगा। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को केवल कागजों पर सीमित नहीं रखना चाहते, वे लगातार समीक्षा बैठकों और फील्ड निरीक्षणों के माध्यम से यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि सरकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे।

### विकास की धड़कन पर प्रशासन की नब्ज

नगर की धड़कन कहे जाने वाले आजादचौक-कैलगुवा मार्ग पर शहजाद नदी पर बन रहे पुल के कारण आमजन को हो रही भारी असुविधा को जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने केवल प्रशासनिक रिपोर्ट तक सीमित नहीं रखा, वे स्वयं धूल और दुश्वारियों के बीच मौके पर पहुंचे और लोगों से संवाद कर उनकी पीढ़ा को समझा। उन्होंने राज्य सेतु निगम के अधिकारियों को मौक पर ही स्पष्ट निर्देश दिये कि स्कूल जाने वाले बच्चों, दोपहिया चालकों और छोटे वाहनों के लिए सुरक्षित वैकल्पिक मार्ग तत्काल बनाया जाए, जिससे आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने यह भी दो टूक कहा कि विकास का अर्थ केवल कन्क्रीट का ढांचा खड़ा करना नहीं, बल्कि जनता के जीवन को सुगम बनाना है। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता और समयसीमा से किसी भी प्रकार के समझौते को सिरे से नकारते हुए यह स्पष्ट किया कि पुल निर्माण की निगरानी वे स्वयं करेंगे। उनके इस त्वरित और संवेदनशील एक्शन से शहरवासियों में विश्वास का संचार हुआ और लोगों की आंख में नई उम्मीद दिखायी देने लगी।

### जनता के भरोसे की बुनियाद

अल्प कार्यकाल में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने यह साबित कर दिया कि संवेदनशील नेतृत्व, सख्त प्रशासनिक निर्णय और नवाचार के समन्वय से किसी भी जनपद की तस्वीर बदली जा सकती है, आज ललितपुर की जनता उनके नेतृत्व में विकास को महसूस कर रही है और भविष्य को लेकर आश्वस्त भी है। यही उनके कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धी मानी जा रही है। डीएम ने नये साल के विकास का अभी से खींचा खाका, नये साल में शहर का मुख्य मार्ग स्टेशन से आजादचौक तक का होगा चौढ़ीकरण व सौन्दर्यीकरण, वहीं ग्रामीण क्षेत्र के 2 हजार मजरों को मुख्य मार्ग से जोड़ने का काम होगा जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने नये साल 2026 के विकास का खाका अभी से खींच लिया है, शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ कर शहर का सौन्दीर्यकरण करने के लिए अपनी प्रशासनिक टीम के साथ भ्रमण कर नये वर्ष के लिए रोडमैप तैयार किया, जिसके अंतर्गत सबसे पहले शहर की लाइफ लाइन कही जाने रेलवे स्टेशन से आजादचौक तक प्रमुख सड़क अतिक्रमण हटवाकर दोनो साइट 1-1 मीटर तक चौड़ीकरण के साथ डिवाइडर व लाईटिंग लगाकर सौन्दर्यीकरण का कार्य नये साल में शहरवासियों को देखने को मिलेगा। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने आगे शहर की दूसरी मुख्य सड़क शहर को जोड़ने वाले कैलगुवां मार्ग एवं शहजाद नदी पर बन रहे ऑवरब्रिज से आजादचौक को जोडने वाली शहर की तीसरी प्रमुख सड़क का सुदृढ़ीकरण और सौन्दर्यीकरण की योजना तैयार की है। वहीं जिलाधिकारी जनपद के सुदूर गांवों की पगडंडियों से होकर निकले वाले ग्रामीणों को बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने नये साल की पहली तारीख से सौ-दो सौ नहीं बल्कि ग्राम पंचायतों के 2 हजार मजरों को मुख्य मार्ग से जोड़ने का काम शुरु कराने की कार्ययोजना बनायी है। जिलाधिकारी के आदेश पर जनपद के समस्त विकास खण्डों में अभी से सर्वे का कार्य शुरु हो गया है, मरजों को मुख्य मार्ग से जोड़ने का काम मनरेगा व राज्य वित्त के माध्यम से कराया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा जनपद की कमान संभालने के बाद से प्रभावी जनसुनवाई के साथ ही जनपद के विकास को लेकर लगातार प्रयास किये जा रहे हैं, जनपद के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी कई कार्ययोजनाओं पर काम कर रहे हैं। इनमें से एक कार्ययोजना मजरों को मुख्य मार्ग से जोड़ने की भी है। जिलाधिकारी द्वारा मजरों को मुख्य मार्ग से जोड़ने के अभिनव प्रयोग से ग्राम पंचायतों की मनमानी पर भी लगाम लगेगी। अब तक ग्राम पंचायतें मनमाने ढंग से कार्ययोजना बनाती थीं, जिससे कार्य तो होते थे, लेकिन जनपद में बैठे अफसरों की निगरानी से दूर रह जाते थे, लेकिन अब जिलाधिकारी स्वयं ही कार्य की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। लिहाजा मनमानी होने की संभावनाएं नगण्य हो जायेंगी।

### किसानों के हित में बड़ा आर्थिक निर्णय

*कृषि प्रधान जनपद ललितपुर में मूंगफली उत्पादन किसानों की आय का प्रमुख श्रोत है। जनपद के विभिन्न क्रय केन्द्रों पर मूंगफली बेचकर भुगतान की उम्मीद लगाये बैठे किसानों के लिए जिलाधिकारी ने एक बड़ा और राहत भरा कदम उठाया है, उन्होंने शासन स्तर पर विशेष प्रयास कर मूंगफली खरीद भुगतान हेतु 10 करोड़ रुपए की धनराशि जनपद के लिए स्वीकृत करायी है। इस धनराशि के माध्यम से किसानों को समय पर भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित की गई, जिससे हजारों किसानों को आर्थिक संबल मिला। किसानों ने जिलाधिकारी के इस प्रयास को अपने हितों के प्रति संवेदनशील और दूरदर्शी निर्णय बताया।*

#### ससुरालियों ने नवविवाहिता को किया प्रताड़ित

### दहेज में एक लाख रुपए व मोटर साइकिल की डिमांड

**ललितपुर।** नगर क्षेत्रांतर्गत ग्राम लकडय़ापुरा में रहने वाली निकिता सैनी पुत्री पुरुषोत्तम सेन ने एसपी को एक शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसकी शादी 22 अप्रैल 2024 को हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार ग्राम सिवनीखुर्द निवासी सौरभ सेन पुत्र रामपाल सेन के साथ राजघाट रोड स्थित कुशवाहा मैरिज गार्डन में सम्पन्न हुयी थी। शादी में उसके पिता ने हैसीयत अनुसार 51 हजार रुपये नकद, घर-गृहस्थी का सामान में सोफा, पलंग, अलमारी, ड्रेसिंग टेबिल, कूलर, फ्रिज, कपड़े और सोने की अंगूठी ससुरालियों को दी थी। शादी के बाद से ससुराली मिले हुये दान-दहेज से खुश नहीं थे, तभी से एक लाख रुपये व मोटर साइकिल की मांग की गयी। जब माता-पिता ने अतिरिक्त दहेज देने में असमर्थता व्यक्त की तो ससुराली नाराज हो गये और किसी प्रकार उसकी विदा हो सकी। निकिता ने बताया कि वह ससुराल पहुंची तो उसे दो माह बाद ही शारीरिक व मानसिक यातनाएं दीं गयीं और गालियां देते हुये मारपीट की गयी। जब वह पढ़ाई के लिए पति से कहती तो पति द्वारा गालियां देकर मारपीट कर दी जाती थी। जब वह कमरे में होती थी तो सास-ससुर द्वारा ताकाझांकी की गयी। आरोप है कि 8 नवम्बर 2025 को अपराह्न 12 बजे पति सौरभ सेन, सास रामदेवी, ससुर रामपाल, नन्द चंदेरी निवासी लक्ष्मी पत्नी मनकू, आजादपुरा निवासी मामा ससुर सुखचन्द्र पुत्र मुन्ना सेन, सिलगन निवासी मौसिया ससुर ओमप्रकाश सेन ने एकराय होकर अतिरिक्त दहेज की मांग की, जिस पर उसने माता-पिता की गरीबी का हवाला दिया तो उसे जेवरात छीनकर घर से भगा दिया गया और बिना दहेज के लौटने पर जान से मारने की धमकी दी गयी। यह भी आरोप है कि उसके पति द्वारा मोबाइल पर अभद्र और गन्दे मैसेज भेजकर उसे बदनाम किया जा रहा है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर ससुरालियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 85, 352, 115 (2), 351 (3) व दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### संतान ना होने पर दूसरी महिला से शादी करने का लगाया आरोप

#### महिला ने विधायक को सौंपा पत्र

**ललितपुर।** पति के द्वारा चोरी छिपे दूसरी शादी करने का आरोप लगाते हुये महिला ने एक शिकायती पत्र सदर विधायक रामरतन कुशवाहा को सौंपा है। विधायक ने मामले में एसपी को निर्देशित करते हुये नियमानुसार जांच कराकर कार्यवाही किये जाने के लिए निर्देशित किया है। थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम राखपंचमपुर निवासी सुमन नाम की महिला ने दिये पत्र में बताया कि उसकी शादी 24 वर्ष पहले हरचरन से हुयी थी। शादी के बाद उसे बच्चे पैदा नहीं हुये। इसलिए पति द्वारा कई बार मारपीट की गयी और एक साल पहले पति ने उसे घर से जान से मारने की धमकी देते हुये निकाल दिया। तब से पीड़िता एक किराए के मकान में निवासरत है। पीड़िता ने बताया कि उसने न्यायालय में घरेलू हिंसा का वाद दायर किया था, जिसमें 5 फरवरी 2026 की तारीख नियत है। पीड़िता का आरोप है कि 9 दिसम्बर को ग्राम खिरिया भारन्जू के लोगों ने बताया कि उसके पति ने दूसरी शादी कर ली है। पीड़िता ने मांग उठायी कि उसके पति को जल्द हिरासत में लिया जाये और कार्यवाही किये जाने की मांग उठाई है।

**जांच कर कार्यवाही की मांग**

### लहान किया नष्ट, तीन हिरासत में

## पुलिस ने कच्ची शराब विरुद्ध चलाया अभियान, तीन सौ लीटर की बरामद



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के नेतृत्व में जिले में अवैध शराब/मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली पुलिस ने ग्राम मऊमाफी कबूतरा डेरा में दबिश के दौरान 300 लीटर नाजायज कच्ची शराब बरामद कर, मौके पर करीब 5000 लीटर लहन नष्ट कर, 03 अभियुक्ताओं में मऊमाफी निवासी काजल पत्नी अंकेश, प्रियंका पत्नी कल्लू व अंजली पत्नी उमे को हिरासत में लिया गया। इस दौरान सीओ सदर अजय कुमार, प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी, सदर चौकी प्रभारी उ.नि.प्रशान्त राणा, गोविन्द सागर बांध चौकी प्रभारी म.उ.नि. सीमा प्रजापति आदि शामिल रहे। वहीं थाना पूराकलां पुलिस ने ग्राम उगरपुर कबूतरा डेरा में दबिश के दौरान 100 लीटर नाजायज कच्ची शराब बरामद कर मौके पर करीब 1800 लीटर लहन नष्ट कर, 01 अभियुक्ता को नियमानुसार गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही गई। इस दौरान पुलिस ने उगरपुर निवासी क्रान्ति पत्नी दिनेश को हिरासत में लियाहै। कार्यवाही के दौरान सीओ तालबेहट रक्षपाल सिंह, प्रभारी निरीक्षक रमेशचन्द्र, निरीक्षक सत्य प्रकाश, चौकी प्रभारी नत्थीखेड़ा उ.नि.मनीष कुमार शुक्ला, म.कां.गोमती आदि मौजूद रहे।

### पत्नी को भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर।** थाना सौजना अंतर्गत एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती 30 अप्रैल 2025 को सुबह 10 बजे उसकी पत्नी बिना बताये घर से मोबाइल लेकर चली गयी थी, जिसकी गुमशुदगी उसने थाना सौजना में 1 मई 2025 को दर्ज करायी थी। काफी खोजबीन के बाद उसे जानकारी हुयी कि मध्य प्रदेश के जिला छतरपुर अंतर्गत थाना विजावर के ग्राम भरगुवां निवासी हरीशंकर राय पुत्र सुखलाल उसकी पत्नी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिसने हरीशंकर राय के खिलाफ बीएनएस की धारा 87 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट अंतर्गत ग्राम जमालपुर में रहने वाले आशाराम पुत्र रमू वंशकार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 28 दिसम्बर को रात करीब 8 बजे उसका नाती शिवम पुत्र मुकेश वंशकार एवं भांजा थाना बार के ग्राम चिगलौआ बुरौगांव निवासी सचिन कुमार पुत्र किलकोटी वंशकार अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 जेड 0187 से बांसी बाजार करके अपने घर जमालपुर अपनी साइड से आ रहे थे। उसी बीच माता मंदिर असऊपुरा पुलिया के पास चार पहिया गाड़ी नं. यू.पी.94 वाई 5099 के चालक तालबेहट के वनगुवांकलां निवासी राजपाल सिंह पुत्र नारायण सिंह बुन्देला ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुये उसके नाती की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके भांजे सचिन कुमार की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि उसका नाती शिवम गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे एम्ब्युलेंस के जरिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## बड़ी नहर पुल निर्माण का जिलाधिकारी और विधायक ने एक साथ लिया जायजा

### धीमी प्रगति देख डीएम हुए पीडब्ल्यूडी अफसर पर नाराज

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के साथ शहर से निकली बड़ी नहर के पुल के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर चल रहे कार्य का जायजा लिया और जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये। बताया कि कई माध्यमों से पुल निर्माण के कारण आमजन को आवागमन में हो रही परेशानियों की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। लोक निर्माण विभाग द्वारा कराये जाने रहे इस कार्य की धीमी प्रगति से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए मौके पर उपस्थित लोक निर्माण विभाग अधिशासी अभियंता को निर्देश दिये कि 10 दिनों के भीतर पुल निर्माण के कार्य में तेजी लाते हुए स्लैव डलवाने का कार्य पूर्ण करायें और आवागमन की व्यवस्था करें। इस दौरान सदर विधायक ने भी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जनवरी माह के भीतर ही आवागमन सुचारु कराने की व्यवस्था करें,



आम जनता को आवागमन में परेशानी नहीं होनी चाहिए, इसके अलावा पुल के कार्य को पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करायें। अधिशासी अभियंता लो.नि.वि. ने बताया कि यह कार्य मार्च 2025 में प्रारंभ किया गया था, जो 85 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है।



## झांसी रेलवे स्टेशन के ऐतिहासिक भवन को तोड़ने का किया विरोध

### रेल मंत्री को ज्ञापन भेजकर उठाई कार्यवाही की मांग

**ललितपुर।** पुरातत्व एवं ऐतिहासिक धरोहर झांसी रेलवे स्टेशन को तोड़े जाने के खिलाफ इण्टैक ललितपुर चैप्टर बुंदेलखण्ड नागरिक मोर्चा बुंदेलखण्ड विकास सेना एवं प्रेस क्लब ललितपुर ने रेल मंत्री भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। उन्होंने मांग है कि सन 1889 में निर्मित झांसी रेलवे स्टेशन मात्र आवागमन का केन्द्र नहीं वरन प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का साक्षी, स्वतंत्रता सेनानियों की गतिविधियों का प्रमुख केन्द्र रहा है। पुरातात्विक वास्तु एवं कलात्मक दृष्टिकोण से भी यह इमारत बहुमूल्य है तथा झांसी की गौरवशाली पहचान दिलाने में यह आज भी अग्रणी है। इसके विध्वंश किये जाने का प्रस्ताव दुर्भाग्यपूर्ण है। अतएव इस प्रस्ताव पर अविलंब रोक लगायी जाये। इन संस्थाओं के प्रमुख भूपेन्द्र जैन, हरीश कपूर टीटू, राजीव बबेले एवं इण्टैक संयोजक संतोष कुमार शर्मा व सह संयोजक रजनीश चड्ढा, वरिष्ठ पत्रकार विनीत चतुर्वेदी, अमरसिंह ने कहा कि यदि हम इसी तरह अपनी विरासतों को नेस्तनाबूद करते रहे तो आने वाली पीढी को कौन सी विरासत सौंपेगे।

### लंबी दूरी की ट्रेनें लेट होने से स्टेशनों पर ठहरने के लिए मजबूर यात्री

## कोहरे में घंटों देरी से पहुंच रही हैं ट्रेनें, यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मंगलवार को ललितपुर स्टेशन पर कोहरे के कारण 15 से अधिक ट्रेनें दो से नौ घंटे तक की देरी से पहुंचीं। इसके चलते यात्रियों को ठंड में लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा। दिल्ली से खजुराहो जाने वाली गाड़ी संख्या 11842 गीता जयंती एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय सुबह 3.45 बजे की बजाय नौ घंटे की देरी से दोपहर 12.45 बजे ललितपुर पहुंची। वहीं अन्य प्रमुख ट्रेनों में इंदौर जाने वाली मालवा एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12920) अपने निर्धारित समय 4.23 बजे की बजाय पांच घंटे की देरी से सुबह 9.23 बजे पहुंची।



लखनऊ से मुंबई जाने वाली पुष्पक एक्सप्रेस भी अपने निर्धारित समय से चार घंटे विलंब से ललितपुर आई। इसी तरह, सदर्न एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12722) पांच घंटे की देरी से सुबह 11 बजे, मुंबई सीएमएसटी एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 11058) चार घंटे की देरी से सुबह 10.16 बजे और कुशीनगर एक्सप्रेस चार घंटे की देरी से सुबह 10:42 बजे ललितपुर स्टेशन पहुंचीं। दिल्ली से खजुराहो जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस डेढ़ घंटे से अधिक समय पर ललितपुर पहुंची। दिल्ली से भोपाल जाने वाली रानी कमलापति शताब्दी सुपर फास्ट ट्रेन (गाड़ी संख्या 12002) भी अपने निर्धारित समय से दो घंटे की देरी से दोपहर 1:45 बजे स्टेशन पर आई। इसके अतिरिक्त, पंजाब मेल एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12138) तीन घंटे से अधिक, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 18238) एक घंटा 50 मिनट और लखनऊ से भोपाल जाने वाली रप्ती सागर एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12521) दो घंटे 20 मिनट की देरी से चल रही थी। रप्ती सागर एक्सप्रेस के शाम 7:06 बजे पहुंचने की संभावना है। गाड़ी संख्या 20424 पातालकोट एक्सप्रेस ट्रेन अपने निर्धारित समय से ढाई घंटे देरी से चल रही है, उसके रात 9 बजकर 15 पर पहुंचने की उम्मीद जताई गई । ट्रेनों के लेट आने से यात्रियों को परेशान होना पड़ा हैं, गीता जयंती एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्री ने बताया कि ट्रेन के देरी से चलने कारण बच्चे भूखे प्यास तड़प रहे।

### जिला गंगा समिति की बैठक संपन्न

## नदी पुनर्जीवन, स्वच्छता और जन-जागरुकता पर हुए अहम निर्णय



**ललितपुर।** जिला गंगा समिति की मासिक समीक्षा बैठक सीडीओ शेषनाथ चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। डीएफओ गौतम सिंह द्वारा बैठक का संचालन किया गया। अध्यक्षता करते हुए सीडीओ ने नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में चल रहे नदी पुनर्जीवन, प्रदूषण नियंत्रण, वेस्ट मैनेजमेंट एवं जन-जागरूकता से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा गणतंत्र दिवस 2026 की परेड देखने हेतु नदी स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने वाली तालबेहट निवासी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित वाटर वारियर शारदा देवी को नई दिल्ली आमंत्रित किया गया है। पुनरोद्धार हेतु चयनित मडावरा ब्लॉक की बंडई नदी के लिए राज्य स्वच्छ गंगा मिशन से प्राप्त गाइडलाइन्स के अनुसार कार्ययोजना तैयार करने एवं बंडई नदी पुनरोद्धार समिति के गठन पर चर्चा हुई। समिति के नोडल अधिकारी के चयन तथा स्थलीय निरीक्षण की तिथि तय करने पर सहमति बनी। बैठक में जनपद में संचालित विभिन्न वेस्ट ट्रीटमेंट सेंटरों जैसे एफएसटीएफ, एमआरएफ सेंटर, वेस्ट टू कम्पोस्ट प्लांट, पिट कम्पोस्टिंग प्लांट, आर.आर.सी. सेंटर एवं प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट की वर्तमान स्थिति और क्रियान्वयन की समीक्षा की गई।

अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

# महाविद्यालय को मिली सौगात, 4 करोड़ की लागत से बनेंगी चार आधुनिक प्रयोगशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में शासकीय महाविद्यालय नरसिंहगढ़ को बड़ी सौगात मिली है। महाविद्यालय में लगभग चार करोड़ रुपये की लागत से चार आधुनिक प्रयोगशाला कक्ष भवनों का निर्माण किया जाएगा।

यह कार्य उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्वीकृत किया गया है, जबकि इन भवनों की निर्माण एजेंसी लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) रहेगी। इस महत्वपूर्ण परियोजना का भूमिपूजन सांसद रोडमल नागर एवं विधायक मोहन शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी के शिक्षा और युवा सशक्तिकरण के विचारों को साकार करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।



## निर्माण कार्य को लेकर विधायक ने ठेकेदार को किया अलर्ट

प्रयोगशालाओं के निर्माण को लेकर विधायक मोहन शर्मा ने ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि यह मामला सीधे छात्रों के भविष्य से जुड़ा हुआ है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही या समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बच्चों के भविष्य से जुड़ी हुई हैं यह बिल्डिंग। महाविद्यालय के प्राचार्य चेतन त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि नई प्रयोगशालाओं के निर्माण से विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी, जिससे अध्ययन, प्रयोग और शोध कार्य को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों छात्रों ने इस सौगात पर अपनी खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में सांसद रोडमल नागर, विधायक मोहन शर्मा, एसडीएम सुशील कुमार, पूर्व जनभागीदारी समिति अध्यक्ष भरत झवर, जिला मंत्री सतेंद्र सिंह, पीडब्ल्यूडी मुख्य अभियंता दीपक कुमार, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रमेश मालवीया, शिव वैध, जितेंद्र सिंह पंवार, नारायण बाथम, राजेन्द्र कामरेट, रिंकू जाट, विजेंद्र सिंह सिकरवार, विभोर वर्मा, सुदेश पालीवाल, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेता चिराग शुक्ला, अमन व्यास, भूपेंद्र गुर्जर सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन अटल जी के विचारों को आत्मसात करते हुए शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ किया गया।

# नेवज नदी की पुलिया के टर्न पर अनियंत्रित हुआ बाइक सवार, मौत

## रविवार देर रात्रि हुआ हादसा, परिवार में शोक की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्थानीय नेवज नदी की रेलिंग विहीन पुलिया पर रविवार रात्रि खोयरी तरफ से आ रहा एक बाइक सवार युवक टर्न पर अनियंत्रित होकर बाइक समेत पुलिया से नीचे जा गिरा। बाइक समेत सीधे नदी में गिरे युवक के सिर में गंभीर चोंट आने से उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां सोमवार सुबह पोस्टमार्टम उपरान्त शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### घुमावदार टर्न पर सीधे पुलिया से नीचे गिरी बाइक

जानकारी के अनुसार स्वर्गीय डॉ. सूरज सेन के पुत्र कल्याण सेन अपनी बाईक से रविवार रात्रि करीब 10 बजे डाक बंगला रोड से वापस अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान नेवज नदी के छोटे पुल के घुमावदार टर्न पर बाइक अनियंत्रित होकर सीधे नदी में जहा गिरी। बाइक सवार कल्याण नदी में जहां गिरा वहां पानी नहीं बल्कि बड़े-बड़े पत्थर थे। ऐसे में कल्याण का सिर सीधे पत्थरों से टकराने से वो अत्यंत गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में उसकी मृत्यु हो गई। रात्रि का समय होने से काफी समय तक किसी को कुछ मालूम ही नहीं हो पाया। बाद में स्थानीय युवाओं और पुलिस को सूचना मिलने पर कल्याण को जिला चिकित्सालय भिजवाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। होनहार युवा की मृत्यु के समाचार से पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई।

उल्लेखनीय है कि मृतक युवक कल्याण हमेंशा समाजसेवा जैसी कार्यों से जुड़े रहते थे वहीं सेन समाज के नगर अध्यक्ष का दायित्व भी उनके पास था। आपको बतादें कि नेवज नदी पर रियासतकाल में बनी छोटी पुलिया शुरू से ही रेलिंग विहीन है। कुछ वर्षों पूर्व इसी स्थान पर खोयरी तरफ से साइकिल पर आ रहा एक साईकिल सवार युवक भी सीधा नदी में जा गिरा था जिससे उसकी मृत्यु हो गई थी।

### मप्र राज्य कर्मचारी संघ प्रदेश कार्यकारिणी बैठक 3 व 4 जनवरी को दतिया में

**शुजालपुर।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के संभागीय सचिव गौरव सक्सेना ने बताया की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक मां पीतांबरा की नगरी दतिया में 3 एवं 4 जनवरी को होगी। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, संभाग के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित प्रदेश के जिलों के जिला अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सम्मिलित होंगे। इस प्रकार बैठक में प्रदेश के लगभग 52 जिलों के प्रतिनिधि शामिल होकर आगे की रणनीति पर विचार विमर्श करेंगे। संभागीय सचिव गौरव सक्सेना ने बताया की 3 जनवरी को बैठक का उद्घाटन सत्र होगा। जिसमें कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा, संगठन विस्तार, जिलों में निर्वाचन आदि बिंदुओं पर चर्चा होगी। 4 जनवरी को बैठक का समापन होगा।

राजोरिया की अपील किसी तरह का कोई लेनदेन न करें

# मोहनपुरा के अधिकारी के नाम से बनाई फर्जी फेसबुक आईडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

सायबर ठगों एवं ऑनलाइन धोखाघड़ी करने वाले बदमाश नित नई कारस्तानियों को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामले में जिले की मोहनपुरा-कुंडालिया वृहद सिंचाई परियोजना के प्रशासक एवं अधीक्षक यंत्री विकास राजोरिया के नाम से अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके नाम की डुप्लीकेट आईडी बनाने का मामला सामने आया है। जब राजोरिया ने अपने नाम की फर्जी आईडी बनी हुई देखी तो वे हतप्रद रह गए। बाद में उन्होंने अपनी ओरिजनल आईडी से इस संबंध में मेसेज जारी कर लोगों को आगाह किया। उन्होंने अपील की कि संबंधित फ्रॉडर द्वारा बनाई गई आईडी से भेजी जा रही फ्रेंडशिप रिक्वेस्ट स्वीकार न करते हुए किसी तरह का कोई लेनदेन न करें।

### पोलावोरम परियोजना का अधिकारी बताते हुए बनाई आईडी

संबंधित फ्रार्डर ने अपने आपको दक्षित भारत की पोलावोरम परियोजना का अधिकारी बताते हुए उक्त आईडी बनाई है। इसके साथ ही आईडी में एक क्यूआर कोड भी संलग्न किया गया है। राजोरिया ने लोगों से अपील की है कि उनके नाम से बनाई गई उक्त डुप्लीकेट आईडी पूरी तरह फेक है। आईडी में दिए गए क्यूआर कोड में किसी तरह की कोई राशि न डाली जाए। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व राजगढ़ के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा सहित अन्य अधिकारियों के नाम से फर्जी एफबी आईडी बनाने के मामले सामने आ चुके हैं।




# निर्माण विभाग समय-सीमा में जमा करें राजस्व वसूली राशि: कलेक्टर

## खनिज विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को खनिज विभाग की राजस्व वसूली संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जल संसाधन विभाग, पीआईयू, पीडब्ल्यूडी, पीएमजेएसवाय, प्रधानमंत्री सड़क विभाग द्वारा निर्माण कार्य की खनिज राजस्व राशि समय सीमा में जमा नहीं करने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि रेलवे के निर्माण कार्य में जहां-जहां खनिज अनुमति से खनन हो रहा है, उन ठेकेदारों से भी रायल्टी समय सीमा में जमा करवाई जाए। साथ ही जिन ठेकेदारों ने समय-सीमा में राजस्व वसूली रायल्टी जमा नहीं की हैं, उन्हे नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि खनन क्षेत्र में जितने भी भारीवाहन चलते हैं, सभी पर रेडियम लगाना सुनिश्चित करें। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देशित किया कि आवेदनों के आधार पर मशीनों को पोल्युशन बोर्ड की एनओसी नियमानुसार जारी की जाए। इस अवसर पर जिला खनिज अधिकारी मुकेश सिकरवार, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान, अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी निधि भारद्वाज भी उपस्थित रहे।



# दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन की मौत




**सारंगपुर।** नगर एवं आसपास के क्षेत्र में रविवार को हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। इन घटनाओं से क्षेत्र में शोक का माहौल है। पहली घटना रविवार रात करीब 8 बजे नेशनल हाईवे स्थित मिडवेट्रिड के सामने हुई। यहां होटल में कार्यरत कर्मचारी भागीरथ पिता भेरू सिंह मालवीय उम्र 55 वर्षए निवासी ग्राम टीकोंदए ड्यूटी के दौरान सड़क पार कर रहे थे, तभी इंदौर की ओर से आ रही तेज रफ्तार ब्रेजा कार क्रमांक एचआर 27 जी 3702 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि भागीरथ की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सिविल अस्पताल सारंगपुर भिजवाया गया। वहीं दूसरी घटना सोमवार को समीपस्थ ग्राम भ्याना के पास सडावता मार्ग पर हुई। प्रवचन सुनकर अपने गांव लौट रहे मोटरसाइकिल सवार मदनलाल पिता किसनलाल उम्र 65 वर्ष निवासी ग्राम देवलीसांगा एवं प्रेम पिता बाबूलाल वर्मा उम्र 35 वर्ष निवासी कड़लावत की बाइक को मैजिक वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों मृतकों के शवों का सोमवार को सिविल अस्पताल सारंगपुर में पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# हिंदू सम्मेलन के लिए शोभा यात्रा व ध्वजा रोहण कार्यक्रम आज



**सुठालिया ।** नगर में आगामी 4 जनवरी रविवार को होने वाले हिंदू सम्मेलन व इस की जन जागृति हेतु भूमि पूजन ध्वजा रोहन शोभायात्रा रविवार को निकाली जाएगी। भव्य शोभायात्रा के तारतम्य में शुक्रवार को हिंदू सम्मेलन के आयोजन में महिलाओ ने भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए नगर के मुख्य बाजार सहित लोधी मोहल्ला मेन मार्केट ब्यावरा रोड बस स्टेंड आदि क्षेत्र में भ्रमण कर जन जागृति हेतु घर घर आमंत्रण पत्र वितरित किए व प्रत्येक घर से महिलाओ को हिंदू सम्मेलन एवं शोभायात्रा में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रण दिया।

बता दें कि 4 जनवरी रविवार को आयोजित होने वाले भव्य हिंदू सम्मेलन की तैयारी इन दिनों नगर में जोरों पर चल रही है नगर को केसरिया ध्वज पताकाओ से सजाया गया है। शोभायात्रा रविवार दोपहर बारह बजे नगर के बस स्टेंड जीन मैदान से डीजे ढोल आतिशबाजी के साथ शुरू होगी इसके पहले यहां नगर के विभिन्न क्षेत्रों से उप यात्रा आकर शामिल होगी शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए सम्मेलन स्थल सरस्वती शिशु मंदिर के मैदान में पहुंचेगी जहां पूर्ण विधिविधान के साथ भूमि पूजन व ध्वजा रोहन किया जाएगा।

# विभाग ने रेशम तकनीकी पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की



**सारंगपुर।** रेशम विभाग राजगढ़ द्वारा सोमवार को स्थानीय रेशम केंद्र पर रेशम हितग्राहियों को उन्नत तकनीक की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से एक दिवसीय कृषक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में क्षेत्र के रेशम पालक किसानों एवं हितग्राहियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। कार्यशाला में कनिष्ठ रेशम निरीक्षक दिलीप जैन ने रेशम किट पालन की नवीन एवं वैज्ञानिक तकनीकों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सही तापमानए स्वच्छताए पौष्टिक आहारए समय पर दवा उपयोग तथा वैज्ञानिक पद्धति से पालन करने पर किसान कम लागत में अधिक उत्पादन कर सकते हैं। साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओंए अनुदान, प्रशिक्षण एवं उपकरण सहायता की जानकारी देते हुए किसानों से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता आशुतोष वैध द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। आभार प्रदर्शन तकनीकी सहायक बाबूलाल कोठार ने किया। इस अवसर पर हितग्राही राजू बाईए भूरी बाईए कृष्णा बाई, विक्रम सिंहए अंतर बाई सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान किसानों ने अपनी समस्याएं साझा कीं तथा विशेषज्ञों से समाधान प्राप्त किए। अंत में सभी हितग्राहियों को रेशम उत्पादन को आय का सशक्त साधन बनाने हेतु प्रेरित किया गया।

# महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय में अटल जन्मशताब्दी वर्ष अंतर्गत कार्यक्रम हुए

**सारंगपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में भाजपा मंडल द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है।

इसी क्रम में सोमवार को महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं द्वारा अटल जी की कल्पना पर आकर्षक रंगोली सजाकर की गई। रंगोली के माध्यम से छात्राओं ने अटल जी के आदर्शों, राष्ट्रभक्ति और उनके द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों को कलात्मक रूप में प्रस्तुत किया। इसके पश्चात विद्यालय परिसर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए अटल जी के जीवन, उनके संघर्षए सादगीपूर्ण व्यक्तित्व, कुशल नेतृत्व तथा देश के विकास में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।



इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पदए नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश वर्मा, मंडल महामंत्री कमल राठौर, विद्यालय के प्राचार्य दिनेश गुप्ता, समाजसेवी नवीन रुण्डवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अटल जी का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनके विचारों को आत्मसात करना आज के समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम में शिक्षिका दीपिका बंसल, दीपाली सक्सेना, अनीता तिवारी, प्रीति शर्मा सहित विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। सभी ने मिलकर अटल जी के आदर्शों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# ब्यावरा पब्लिक स्कूल में रंगोली व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

## भाजपा मंडल ने बच्चों को अटलजी की स्मृति चिन्ह से पुरस्कृत किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री साहित्यकार प्रखर वक्ता अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस को अटल शताब्दी वर्ष के रूप में मनाते हुए भारतीय जनता पार्टी मंडल ब्यावरा द्वारा सप्ताहिक कार्यक्रमों के निमित्त ब्यावरा मंडल में रंगोली एवं चित्रकला ,निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 29 दिसंबर को ब्यावरा पब्लिक स्कूल में बेटियों ने शानदार रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया।

बच्चों ने बेहतरीन अटलजी के रंगोली बनाकर संदेश दिया। भाजपा मंडल ब्यावरा ने रंगोली में प्रथम द्वितीय व तृतीय आई बेटियों को अटल जी का स्मृति चिह्न भेंट किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव ने अटल जी का व्यक्तित्व के बारे में सभी को बताया। भारतीय राजनीति के एक बेहतरीन विचारक पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को कीचड़ से मुक्ति दिलाते हुए प्रधानमंत्री सड़क का तोहफा दिया है आज सड़कों से गाँव को जोड़ने का जो काम हुआ है वह हमारे प्रधानमंत्री अटल जी ने किया है। इस कार्यक्रम में उपस्थित मंडल महामंत्री दीपक समारे, सुमीत सोलंकी, युवा मोर्चा जिला मंत्री चंदन जादौन युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष गिर्राज लवंशी लखन लोदी, कपिल मीना, ऐलकर राव, आशिफ उल्ला और समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सम्राट विक्रमादित्य एकेडमी में खेल प्रतिभाओं को सम्मानित किया, विधायक ने बढ़ाया हौसला

**नरसिंहगढ़।** सम्राट विक्रमादित्य एकेडमी में सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शैक्षणिक एवं खेल प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में नेशनल प्लेयर चेस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभा पाठक, कक्षा 10वीं की स्टेट टॉपर पालीवाल, कक्षा 10वीं के स्कूल टॉपर अनन्या वर्मा, कक्षा 12वीं की स्कूल टॉपर प्रिया साहू तथा नेशनल प्लेयर तीरंदाजी में चयनित लक्ष्य परमार को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि ग्रामीण व अर्धशहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों का राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर सफलता हासिल करना गर्व की बात है। उन्होंने शिक्षा के साथ खेलों में भी निरंतर आगे बढ़ने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।



कार्यक्रम में विशेष रूप से दीपेंद्र दास, जिला मंत्री सत्येंद्र सिंह राठौड़, पत्रकार संघ अध्यक्ष विजयपाल सिंह परमार कान्हा बना, रेड क्रॉस सचिव संजय शेखर शर्मा, स्कूल संचालक कृष्ण पाल सिंह परमार, प्राचार्य विजेंद्र वंशीवाल, वाइस प्रिंसिपल सुनील दांगी, प्रकाश दांगी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ किया गया।

# बगावत 11 ने जीता फाइनल मुकाबला



**ब्यावरा।** सोमवार को ब्यावरा क्लब ग्राउंड पर हुए टूर्नामेंट का फाइनल बगावत 11 ने जीता। राहुल पीपलोटिया टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में शामिल होकर विजेता टीम बगावत 11 कप्तान अंकित मीना एवं समस्त टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं 11 हजार रुपए का इनाम हासिल किया। फाइनल मुकाबले में महादेव 11 और बगावत 11 के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ, जिसमें बगावत 11 ने विजय हासिल कर लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम किया। टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि आशीष मीना युवा भाजपा नेता रहे। मीना ने खिलाड़ियों बगावत 11 के अंकित मीना कप्तान, रोहित यादव, सूरज मीना, देबू यादव, कबीर सिंह, हरिओम यादव, कमल शर्मा, दीपक मीना, भगवान सिंह, अभिषेक सेन, अंकित भिलाला, राजा यादव को बधाई दी। फाइनल मैच में देबू यादव ने विनिंग शॉर्ट खेल कर बगावत 11 को विजेता बनाया। इस अवसर पर गाड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे।